प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली

25 अगस्त, 2025

हडको ने एमओएचयूए के साथ वित्त वर्ष 2025-26 हेतु समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

हाउसिंग एंड अर्बन डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (हडको) ने आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय (एमओएचयूए) के साथ वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए, दोनों डिजिटल और व्यक्तिगत रूप से अपने वार्षिक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। एमओयू में वित्तीय अनुपात और गैर-वित्तीय संकेतकों, जैसे कि जेम के माध्यम से खरीद , एमएसई को सहायता, सीएसआर व्यय आदि सहित प्रमुख प्रदर्शन मानकों को रेखांकित किया गया है, और वित्त मंत्रालय के लोक उद्यम विभाग द्वारा ***'उत्कृष्ट'*** स्तर के लक्ष्यों को अंतिम रूप दिया गया है।

समझौता ज्ञापन पर **श्री श्रीनिवास कटिकिथला**, माननीय सचिव, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय और **श्री संजय कुलश्रेष्ठ**, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, हडको ने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों - **सुश्री रूपा मिश्रा** , संयुक्त सचिव एवं मिशन निदेशक (एसबीएम-यू), और **श्री संजीत**, संयुक्त सचिव एवं वित्तीय सलाहकार, आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय, **श्री एम. नागराज**, निदेशक (कॉर्पोरेट प्लानिंग) हडको तथा, **श्री दलजीत सिंह खतरी**, निदेशक (वित्त) की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए गए।